# Awareness camp and Inkind distribution of items to the BOCW worker at Jhanduta


प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड
हिमाचल प्रदेश
आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है


हिमाचल प्रदेश
HP 89A 0033





दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# प्रदेश में खोले जाएंगे 42 कार्यालय, 250 पद होंगे सृजित

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नरदेव सिंह कंवर तथा (दाएं) लाभार्थियों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित करते हुए मुख्यातिथि।

**सवेरा न्यूज/ नडडा**

बिलासपुर 28 सितंबर : भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेश में 42 कार्यालय खोले जाएंगे और कार्यालयों के संचालन के लिए 250 पद सृजित होंगे। यह जानकारी बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने झंडूता के बरठी में विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में कामगार लोगों को विभाग की ओर से चलाई जारी रही योजनाओं का लाभ घर द्वार पर उपलब्ध करवाने के लिए कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है। ताकि मजदूरों को अपना पंजीकरण और विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के

## विभाग के अंतर्गत पंजीकृत कामगारों का करवाया जाएगा केवाईसी

लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए अपने काम और दिहाड़ी का नुकसान न हो। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने मूर्तिकार, कुम्हार, पत्तल ढोने बनाने वाले और ट्रेक्टर चलाने वालों को भी विभाग की अंतर्गत पंजीकृत करने का नीना लिया गया है इसके अतिरिक्त एक नारियों पंचायतों में विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित बेरोजगारों युवाओं जिसने फिटर इलेक्ट्रीशियन पलंबर इत्यादि को भी विभाग माध्यम से पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछली भाजपा सरकार ने विभाग के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ को रोक दिया था जिसके चलते लंबे समय से लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विभाग की सभी योजनाओं को दुबारा से लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि गरीब कामगार लोगों के लिए पुरानी सभी बिलो और सुविधाओं का निपटारा जल्द किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जल्द ही विभाग सभी शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग की सभी योजनाओं को हाईटेक माध्यम से सुलझाया जाएगा और विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए सभी योजनाओं को ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग के अंतर्गत 4 लाख 50 हजार लोग पंजीकृत है और जल्द ही सभी लोगों की केवाईसी करवाई जाएगी ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिल सके। इस अवसर पर विभाग की ओर से 60 से अधिक लोगों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल रीना पुंडीर, इंटक के जिला अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर ,जिला परिषद सदस्य शालू राणावत और प्रमिला बसु स्थानीय प्रधान राकेश मेहता, सीटू अध्यक्ष लखनपाल इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्म सिंह सहगल उपस्थित रहे।

दैनिक सवेरा
Sun, 29 September 2024
epaper.dainiksaveratimes.in/c/75945095



# विभाग की योजनाओं का उठाएं लाभ

## कार्यक्रम में 66 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप किए वितरित

स्वारघाट: स्वारघाट विश्राम गृह में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम मैजूद लोग

- स्वारघाट विश्राम गृह में सजा कार्यक्रम
- विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए सभी योजनाओं को किया जाएगा ऑनलाइन

**सुभाष चंदेल-स्वारघाट**

श्री नयनादेवी जी विधानसभा चुनाव क्षेत्र के स्वारघाट विश्राम गृह में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने शिरकत की। जबकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विकास ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के 66 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित किए गए। अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि जिला में कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 47000 से ज्यादा लोग पंजीकृत हैं जबकि बहुत से श्रमिक अभी भी पंजीकृत नहीं हुए हैं। कहा कि प्रदेश में कोई भी महिला या पुरुष एक वर्ष में 90 दिन तक अगर निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार अथवा पंचायत की ओर से निर्माण के कार्यों में शामिल है तो वे कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को विभाग की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होना होगा। (एचडीएम)

# दिलीप बिल्डकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 41 कामगारों को परिचय पत्र बांटे



कामगारों को परिचय पत्र वितरित करते अध्यक्ष नरदेव कंवर।

**सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा रीतू , बिलासपुर :** भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने बिलासपुर में दिलीप बिल्डकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में एक कार्यक्रम के दौरान 41 कामगारों को परिचय पत्र बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है और जन-जन तक विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और कामगारों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निराकरण भी करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में सारा सिस्टम ऑनलाइन हो जाएगा जिससे कि काफी समस्याओं का हाल अपने आप ही हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विभाग की सभी योजनाओं को दुबारा से लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि गरीब कामगार लोगों के लिए पुरानी सभी बिलो और सुविधाओं का निपटारा जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही विभाग सभी शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। इससे पहले दिलीप बिल्डकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के जनरल मैनेजर विवेकानंद पांडे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से कार्य कुशलता बढ़ती है इस अवसर पर जिला वेलफेयर कार्यालय की प्रभारी स्वाति शर्मा भी उपस्थित रही।